# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–24 अगस्त 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कल से शुरू हुई नागरिक पुलिस के लिए भर्ती परीक्षा, पुलिस महानिदेशक ने कहा–भ्रम फैलाने वाले पर होगी कठोर कार्रवाई ।
- नेपाल में पोखरा से काठमांडू जा रही भारतीय यात्रियों से भरी बस नदी में गिरी, सत्ताईस लोगों की मौत
- अयोध्या के श्रीरामलला मंदिर के दूसरे तल पर गर्भ गृह को विशेष बनाने की तैयारी, मंदिर निर्माण पर इस वर्ष खर्च होंगे छह सौ सत्तर करोड़ रुपये।
- जनस्वास्थ्य के लिए खतरा बनी एक सौ छप्पन दवाओं पर सरकार ने लगाया प्रतिबंध।

**********

प्रदेश में आरक्षी नागारिक पुलिस के साठ हजार से अधिक पदों पर भर्ती के लिये लिखित परीक्षा कल से शुरू हो गई। परीक्षा के लिये सड़सठ जिलों में कुल एक हजार एक सौ चौहत्तर परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। यह परीक्षा आज और कल भी होगी। इसके अलावा तीस एवं इकतीस अगस्त को यह परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षाएं दो पालियों में हो रही है, जिसमें हिस्सा लेने के लिए दूसरे प्रदेशों के अभ्यर्थी भी आ रहे हैं। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिये रोडवेज के बसों में एडमिट कार्ड दिखाने पर निशुल्क यात्रा की सुविधा दी जा रही है। वहीं रेलवे की ओर से परीक्षा के लिये स्पेशल ट्रेन चलाई गई हैं। लखनऊ से मुरादाबाद वाया बरेली एग्जाम स्पेशल ट्रेन संख्या– 04259 रात साढ़े आठ बजे लखनऊ से चल रही है। इसके अलावा लखनऊ से वाराणसी, वाया अयोध्या कैंट एग्जाम स्पेशल ट्रेन संख्या– 04270 लखनऊ से रात आठ बजे चल रही है। लखनऊ से वाराणसी कैंट वाया रायबरेली, प्रतापगढ़, लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन से रात आठ बजे चल रही है।

परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिये हजारों की संख्या में पुलिस कर्मी सुरक्षा व्यवस्था में लगाये गये हैं।

पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा है कि परीक्षार्थियों को किसी भी तरह की असुविधा न हो, इसके लिये पर्याप्त इंतजाम हैं।

***प्रदेश में 60 लाख से ज्यादा बच्चे लगभग 10 पालियों में परीक्षा देंगे और प्रदेश के 67 जनपदों में ये परीक्षाएं पांच दिनों में दो–दो पालियों में सम्पन्न होगी। सभी जगह हमारे मजिस्ट्रेट, हमारे पुलिस के अधिकारी लगातार भ्रमणशील है। पूरी परीक्षा एक लम्बी प्रक्रिया के तहत की जा रही है और इसमें सारे स्टेटस होते है, जैसे प्रश्न पत्र की भंडारण फिर वहां से सेंटर पर पहुंचाना, यहां बच्चों का आधार प्रमाणित करना और फिर सुचारू रूप से परीक्षा कराना, तो इस बार अभी तक कही से भी प्रश्न पत्र लीक होने की सूचना नहीं है, जो लोग भ्रामक खबरे फैला रहे है उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी।***

इस बीच, पुलिस आरक्षी भर्ती को सकुशल संपन्न कराने के लिए एसटीएफ ने गोरखपुर के बांसगांव थाना में एक महिला सिपाही समेत चार संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है। इनके मोबाइल से दूसरे अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड मिले हैं। पुलिस गहनता से इन लोगों से पूछताछ कर रही है।

**********

पड़ोसी देश नेपाल के तनहुन जिले में कल दोपहर पोखरा से काठमांडू जा रही एक बस नदी में गिर कर दुर्घटना का शिकार हो गई। अंतिम समाचार मिलने तक हादसे में 27 लोगों की मृत्यु हुई है। इसमें 24 यात्री और बस के तीन कर्मचारी शामिल हैं। दुर्घटना में घायल 16 यात्रियों को काठमांडू के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कहा कि बस में लगभग 40 भारतीय नागरिक यात्रा कर रहे थे। घटना स्थल पर 10 गोताखोरों की एक टीम तैनात की गई है। बस में महाराष्ट्र के कई यात्री भी सवार थे। राहत आयुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। एसडीएम महराजगंज समेत जिले के कई अधिकारियों को घटनास्थल पर भेजा गया है।नेपाल प्रशासन आज दोपहर दो बजे के बाद मृतकों के शव भारत को सौंपेगा।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सवेरे ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की113वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए. आई. आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा।

**********

शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को स्कूल सुरक्षा और सुरक्षा दिशा–निर्देश–2021 लागू करने का निर्देश दिया है। दिशा–निर्देश मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम पाक्सो दिशा–निर्देशों के अनुरूप विकसित किए गए थे। इनमें सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूल प्रबंधन की जवाबदेही तय करने के प्रावधान हैं।

**********

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने एम.बी.बी.एस. चिकित्सकों के पंजीकरण के लिए कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय चिकित्सा रजिस्टर पोर्टल का लोकार्पण किया। श्री नड्डा ने कहा कि यह पोर्टल देश के सभी एलोपैथिक पंजीकृत डॉक्टरों के लिए एक व्यापक डेटाबेस होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण भारत को डिजिटल रूप से मजबूत बनाना है और यह स्वास्थ्य तंत्र को डिजिटल बनाकर ही संभव है। श्री नड्डा ने कहा कि सरकार पैरामेडिकल और अन्य स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के लिए भी ऐसा ही रजिस्टर पोर्टल शुरू करेगी।

**********

अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में कई अहम फैसले लिये गये हैं। ट्रस्ट के अध्यक्ष  नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि मंदिर के प्रथम तल का निर्माण 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है। इसके बाद द्वितीय तल और शिखर का निर्माण समय से पूरा करने की चुनौती है। उन्होंने कहा कि द्वितीय तल के गर्भ गृह को विशेष बनाने के लिए कई प्रस्ताव आए हैं।

***द्वितीय तल का किस प्रकार गर्भगृह में किस महत्व, किस लक्ष्य, किस संदेश के साथ चीजे वहां की जाये यह विचारणीय है, उनकी इस पर विचार चल रहा है। कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ, लेकिन यह प्रचास अवश्य होगा कि द्वितीय तल के गर्भगृह में भी भगवान राम से संबंधित विभिन्न प्रदेश के भगवान राम पर जैसे रामायण है, राम चरित मानस है, वैसा लिखा जाये और प्रदेशों में अन्य भाषाओं में जो इस प्रकार की रामायण हो, जो रामचरित को वहां की भाषा में बता सके, उसकी जो सबसे पुरानी पुस्तक हो, उसको प्राप्त करके वहां रखा जाये।***

ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बैठक में बताया कि  अयोध्या में श्रीरामलला को एक अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक दान में तीन सौ तिरसठ करोड़ चौंतीस लाख रुपये प्राप्त हुए हैं। बैठक में यह भी बताया गया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में राम मंदिर के निर्माण में 670 करोड़ रुपये और अन्य मदों में 180 करोड़ रुपये खर्च होंगे।  ट्रस्ट के महासचिव के मुताबिक बीते चार वर्षों में ट्रस्ट को 13 कुन्तल चांदी और 20 किलो सोना भी प्राप्त हुआ है।

**********

पूरे देश में कल प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रमों में कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने न केवल अंतरिक्ष के क्षेत्र में बल्कि देश के सामाजिक–आर्थिक विकास में भी अमूल्य योगदान दिया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर कल एक ई–पत्रिका, सपनों की उड़ान का लोकार्पण किया। ई–पत्रिका में देश भर के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों द्वारा योगदान की गई कविता, निबंध, कहानियां और पहेलियों का मिश्रण है।

उत्तर प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद ने लखनऊ के विज्ञान भवन में छात्रों के लिए क्विज, पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस मौके पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के निदेशक डॉ. डी. के. श्रीवास्तव ने बताया कि यह दिन छात्रों में अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में रुचि पैदा करने और उन्हें रोल मॉडल प्रदान करने के लिए समर्पित है। लखनऊ  में ही केन्द्रीय सूचना प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो ने गोमतीनगर स्थित केन्द्रीय विद्यालय में कल से राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर दो दिवसीय प्रदर्शनी की शुरूआत की।

चंदौली जिले के लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भूगोल विभाग ने इस मौके पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। वहीं अमरोहा जिले के नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज में भी पोस्टर, मॉडल और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**********

सरकार ने एंटीबायोटिक्स, दर्द निवारक और मल्टीविटामिन सहित 156 दवाओं पर प्रतिबंध लगा दिया है, क्योंकि एक समीक्षा के बाद पाया गया कि इनसे स्वास्थ्य को खतरा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि इन 156 दवाओं में निश्चित मात्रा में खुराक संयोजन तर्कहीन है। मंत्रालय ने कहा कि इन दवाओं के इस्तेमाल से लोगों को खतरा होने की संभावना है जबकि इनके सुरक्षित विकल्प उपलब्ध हैं। अधिसूचना में कहा गया है कि सरकार और ड्रग्स टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड– डीटीएबी की एक विशेषज्ञ समिति द्वारा की गई जांच के बाद यह निर्णय लिया गया है।

**********